>

Title: Need to set up a Passport Office at Udaipur Divisional Headquarters in Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर तथा उदयपुर संभाग जनजाति बहुलता वाला क्षेत्र है, संभाग की कुल आबादी में लगभग 70 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या है । उदयपुर संभाग के अंतर्गत कुल 6 राजस्व जिले आते हैं जिनके नाम हैं बासवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चितौड़गढ़, राजसमन्द, उदयपुर । उदयपुर संभाग के अधिकतर लोग रोजी-रोटी कमाने खाड़ी देखों में जाते हैं । इन देशों में जाने के लोगों को पासपोर्ट बनवाना पड़ता है । उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पासपोर्ट कार्यालय नहीं होने की वजह से लोगों को जोधपुर जाना पड़ता है जो काफी दूरी पर है । संभाग के लोगों को पासपोट बनवाने के लिए काफी धन भी खर्च करना पड़ता है । उदयपुर संभाग से सालाना 55 से 60 हजार लोग पासपोर्ट बनवाने के लिए जोधपुर जाते हैं । अतः उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पासपोर्ट कार्यालय खुल जाये तो संभाग के लोगों को जोधपुर तक नहीं जाना पड़ेगा । लोगों के समय और धन की बचत होगी, निवेदन है कि उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पासपोर्ट कार्यालय खोलने की कृपा करावें ।